आज मिलेगा दर्शन | By Sanjay Chauhan |

बम बम बोले भगवान का
अरे होओ आज करो रे जतन
मिलेगा ही आज तुम्हें दर्शन
मेरे भोलेनाथ का

शिव शंकर ने भक्त जनों की
विनती कभी न टाली
दर्शन देकर क्षिप्रा जी ने
विपदा सब हर डाली
अंतर्मन से शिव भोले को
जब-जब जिसने पुकारा
आदिनाथ भगवान ने उनको
तब-तब दिया सहारा
दर्शन शिव भगवान का
अरे होओ कर लो होके मगन
मिलेगा ही आज तुम्हें दर्शन
मेरे भोलेनाथ का

भोलेनाथ ने भक्त जनों को
आश्चर्य ऐसा दीना
बारह ज्योतिर्लिंगों का
निर्माण शिव ने कीना
ज्योतिर्लिंग के दर्शन पाए
अहो भाग्य हमारा
हम सब पर एहसान है शिव
भोले शंकर जी तुम्हारा
पावन ज्योतिर्लिंग को अरे होओ
आजा करो रे नमन मिलेगा ही
आज तुम्हें दर्शन
मेरे भोलेनाथ का

शिव नगरी में शिव दर्शन को
जो भी भक्त है जावे
ज्योतिर्लिंग के दर्शन पाकर
सौभाग्य जगावे
दूध, दही और पंचतत्व से
अभिषेक करवाए
फूल चढ़ाकर शिव चरणों में
अपना शीश झुकाए
अरे शंकर भोलेनाथ के अरे होओ
जो भी आए शरण मिलेगा ही
आज तुम्हें दर्शन
मेरे भोलेनाथ का

बम बम बोले भगवान का
अरे होओ आज करो रे जतन
मिलेगा ही आज तुम्हें दर्शन

मेरे भोलेनाथ का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%9c-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b6%e0%a4%a8-by-sanjay-chauhan/